## रूस से एस-400 एंटी मिसाइल सिस्टम खरीदने की तैयारी में भारत



नई दिल्ली, (आरएनएस)। रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण के रूस दौरे पर भारत 39 हजार करोड़ की एस-400 एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम की डील फइनल कर सकती हैं। अगर ऐसा होता है तो भारत को ना सिर्फ जमीन बल्कि आसमान में भी अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने की ताकत मिल जाएगी। रक्षा मंत्री अगले कुछ हफ्तों में मॉस्को दौरे पर जा सकती हैं और ऐसे में भारत इस कोशिश में है कि इस डील को मंजूरी मिल जाए। एस-400 ट्रियंफ एंटी मिसाइल सिस्टम की यह डील पूरी होने के बाद भारत को एक ऐसा कवच मिल जाएगा जो किसी भी मिसाइल हमले को नाकाम कर सकता है। इस सिस्टम के भारत में आने से पाकिस्तान के न्यूक्लियर हमले का भी करार जवाब दिया जा सकेगा। एस-400 की ताकत की बात करें तो इसमें लगा डिफेंस सिस्टम देश के दुश्मनों के जासूसी विमानों, मिसाइलों और ड्रोनों की पहचान कर उन्हें 400 किलोमीटर के दायरे में मार गिराने में सक्षम है। इसके अलावा ये सिस्टम एक साथ अपने 26 लक्ष्यों को भी भेद सकता है। इसके अलावा इसमें अलग-अलग क्षमता वाली तीन मिसाइलें हैं जिनमें सुपरसोनिक, हाइपरसोनिक स्पीड वाली भी हैं। यह मिसाइले पलक झपकते ही किसी भी मिसाइल को मार गिरा सकती है।

## 2019 में लाल किले से भाषण नहीं दे पाएंगे मोदी

कोलकाता ,(आरएनएस)। बंगाली बहुल त्रिपुरा में पहली बार बीजेपी की ऐतिहासिक जीत के बीच तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने भविष्यवाणी की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त 2018 को लाल किले की प्राचीर से अंतिम बार पीएम के रूप में भाषण देंगे। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव परिणाम के एक दिन बाद रविवार को ब्रायन ने मीडिया से बातचीत में कहा, पहले वर्ष 2019 को संभालें फिर उसके बाद बंगाल के बारे में कल्पना करें। यह बीजेपी के लिए हमारा स्पष्ट संदेश है। उन्होंने कहा, यदि उनका निशाना बंगाल है तो हमारा टारगेट लाल किला है। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त 2019 को स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से भाषण नहीं दे पाएंगे। उन्होंने विपक्षी दलों का आह्वान किया कि वे पीएम मोदी को चुनौती देने के लिए एक साथ आएं। ब्रायन ने बीजेपी से सवाल किया कि वह त्रिपुरा में जीत के बाद इतना खुश क्यों है। साथ ही कहा कि राजस्थान में लोकसभा उपचुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है।



टीएमसी लीडर ने कहा, 15 दिन पहले ही राजस्थान उपचुनाव के नतीजे आए हैं। इसमें अलवर की सीट भी शामिल है जहां वर्ष 2014 में उसने 2.80 लाख वोटों से जीत हासिल की थी लेकिन उपचुनाव में उसे 1.50 लाख वोटों से हार का सामना करना पड़ा। बता दें, शनिवार को आए चुनाव परिणाम में बीजेपी ने त्रिपुरा में सीपीएम के 25 साल के शासन को उखाड़ फेंका और राज्य में केसरिया परचम लहराया था। पार्टी को 60 में से 35 सीटें मिलीं। सीपीएम को मात्र 16 सीटों से संतोष करना पड़ा। त्रिपुरा में 2011 की जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक आबादी में 30 फीसदी आदिवासी समुदाय के लोग हैं, जबकि 66 फीसदी लोग गैर-आदिवासी बंगाली हिंदू हैं।

## बैंक घोटालों पर संसद में जवाब दें मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपियों नीरव मोदी और मेहुल चौकसी से नजदीकी का आरोप लगाते हुए उनसे इन दोनों को स्वदेश लाने के लिए सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई के बारे में संसद के दोनों सदनों में वक्तव्य देने की आज मांग की। राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद और उप नेता आनंद शर्मा ने यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस के सदस्यों ने सदन में कामकाज रोक कर बैंक घोटाले के मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिया था लेकिन सरकार इस बारे में जानकारी देने की अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए स्वयं ही वक्तव्य देना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पैसे को लूटकर घोटालेबाज विदेश भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं और लोगों की गाढी कमाई के पैसे को लूटकर घोटालेबाज विदेश भाग रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ नीरव मोदी का दावोस में एक ही फ्रेम में फोटो है और दूसरे आरोपी मेहुल चौकसी को प्रधानमंत्री अपने आवास पर एक बैठक में बुलाते हैं तथा उसे नाम से संबोधित करते हैं इससे मोदी की इनके साथ नजदीकी का पता चलता है। उन्होंने कहा कि कहीं इसी कारण से तो इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। आजाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी यह दावा करती है कि श्री मोदी दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय नेता हैं, अगर यह बात सही है तो वह अपनी जान-पहचान का इस्तेमाल कर घोटाले कर देश से भागे चार आरोपियों को वापस क्यों नहीं लाते हैं। उन्होंने कहा कि देश जानना चाहता है कि सरकार नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, जतिन मेहता और ललित मोदी को वापस लाने के लिए क्या कर रही है।

# मुझे इमरान की याद दिलाते हैं कोहली

कोलकाता,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच रवि शास्त्री ने कप्तान विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि कोहली उन्हें पाकिस्तान को विश्व कप जिताने वाले कप्तान इमरान खान की याद दिलाते हैं। शास्त्री ने कहा, 'विराट के लिए अभी सफर शुरू हुआ है। वह अभी भी काफी युवा हैं लेकिन इसके बावजूद वह श्रेष्ठ खिलाड़ियों में जगह बना चुके हैं। वह आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहते हैं। वह मुझे इमरान खान की याद दिलाते हैं। वह काफी युवा हैं लेकिन उनमें इमरान के कुछ गुण हैं, खासतौर पर टीम का नेतृत्व करने के मामले में वह इमरान जैसे हैं।' वर्ल्ड नम्बर-1 वनडे बल्लेबाज कोहली ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में 500 रन बनाए थे। वह



यह मुकाम हासिल करने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। इमरान और कोहली के बीच की समानताओं के बारे में पूछे जाने पर शास्त्री ने कहा, 'कोहली और इमरान में डॉमिनेट करने की क्षमता थी। दोनों प्रतिस्पर्धा करना जानते थे। माहौल जैसा भी हो, दोनों लड़ना जानते हैं। कोहली मानते हैं कि वह अपनी काबिलियत दूसरे खिलाड़ियों में भी संचारित कर सकते हैं और यही इमरान की भी सोच थी।' कोहली फिलहाल वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की वनडे सीरीज में उन्होंने 558 रन बनाए। वह किसी द्विपक्षीय वनडे सीरीज में 500 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। इस सीरीज में कोहली ने तीन सेंचुरी और एक हाफ सेंचुरी भी लगायी। यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। कोहली और इमरान की समानताओं के बारे में बात करते हुए शास्त्री ने कहा, परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों कोहली भी इमरान की तरह अपना प्रभाव छोड़ना चाहते हैं। वह कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। उनका यह असर दूसरे खिलाड़ियों पर भी देखने को नजर आता है। उनकी कप्तानी भी इमरान खान की तरह हैं।

## लिएंडर पेस की टॉप 50 में वापसी



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। लिएंडर पेस ने एटीपी दुबई टूर्नमेंट में उपविजेता रहने के साथ छह पायदान की छलांग लगाई है। इसके साथ ही वह जारी ताजा टेनिस रैंकिंग में टॉप 50 में वापसी करने में कामयाब हुए हैं। पेस पिछले हफ्ते जेरेमी सेरेटानी के साथ दुबई में फाइनल में पहुंचे थे। इससे वह 46वें स्थान पर पहुंच गए और दिविज शरण (44) से दो स्थान पीछे हैं जिन्हें एक पायदान का फायदा हुआ। रोहन बोपन्ना अपने 20वें स्थान पर बरकरार हैं। पूरव राजा एक पायदान के नुकसान से 62वें स्थान पर हैं, जबकि विष्णु वर्धन एक पायदान के लाभ से अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ युगल रैंकिंग 99 हासिल करने में सफल रहे। एकल में युकी भांबरी पांच पायदान के नुकसान से 110वें स्थान पर खिसक गए, जिनके बाद रामकुमार रामनाथन (दो पायदान खिसककर 135वें स्थान), सुमित नागल (तीन पायदान खिसककर 223वें स्थान पर) और प्रज्नेश गुणेश्वरन (तीन पायदान के नुकसान से 235वें स्थान पर) बने हुए हैं। महिलाओं की रैंकिंग में अंकिता रैना को भी पांच स्थान की गिरावट देखनी पड़ी, जिससे वह 255वें स्थान पर हैं। वहीं, करमन कौर थांडी तीन पायदान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 278 रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। युगल की बात करें तो चोटिल सानिया मिर्जा की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, वह 13वें स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि प्रार्थना थोम्बरे दो पायदान खिसककर 141वें स्थान पर पहुंच गई।

## एक-दूसरे पर भड़के डेविड वॉर्नर और क्विंटन डि कॉक



मेलबर्न (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के उपकप्तान डेविड वॉर्नर और साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर क्विंटन डि कॉक के बीच डर्बन टेस्ट के दौरान तीखी बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई थी कि बाकी खिलाड़ियों को बीच-बचाव करवाना पड़ा। बता दें कि दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इसका पहला मैच डर्बन में हो रहा है। दोनों के बीच रविवार को टी ब्रेक के दौरान यह सब हुआ। घटना से जुड़ी एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। इसमें दिख रहा है कि ड्रेसिंग रूम में जाते वक्त दोनों के बीच बहस हुई थी। विडियो देखकर ऐसा लगता है मानो, अगर उन्हें रोका नहीं जाता तो बात मारपीट तक पहुंच सकती थी। बात के और ज्यादा बिगड़ने से पहले ही ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी उसमान ख्वाजा और नाथन लियोन बीच में आ जाते हैं। वे वार्नर को पकड़कर ले जाने लगते हैं। उसी वक्त बाकी खिलाड़ी भी वहां पहुंचकर मामले को शांत करने लगते हैं। गवर्निंग बॉडी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस मामले की जानकारी हो गई है। उन्होंने कहा है कि जांच जारी है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया जीत से सिर्फ एक विकेट दूर है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 417 रन का टारगेट दिया था। इसका पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका ने 293 रन पर ही 9 विकेट गंवा दिए। वह अभी लक्ष्य से 124 रन पीछे है जबकि ऑस्ट्रेलिया को चार टेस्ट मैचों की सीरीज में शुरुआती बढ़त लेने के लिए केवल एक विकेट की जरूरत है।

## चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद

हैदराबाद,(आरएनएस)। शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने कहा कि उनका लक्ष्य खेल में शीर्ष स्थान हासिल करना है और उन्होंने उम्मीद जतायी कि वह आगामी ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करेंगी।रियो ओलिंपिक की रजत पदकधारी खिलाड़ी ने कहा, 'आगामी टूर्नामेंट ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप है इसलिये मुझे अच्छा करने की उम्मीद है। कई और टूर्नामेंट हैं इसलिए मैं उम्मीद लगाए हूं कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अच्छा खेल खेलूंगी।' ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप14 मार्च से शुरू होगी। राष्ट्रमंडल खेलों के संबंध में एक सवाल पूछने पर सिंधु ने कहा, 'यह इतना आसान नहीं होगा। मुझे निश्चित रूप से इसके लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए और मुझे उम्मीद है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करूंगी।

## बार-बार शिखर धवन पर क्यों चलती है कुल्हाड़ी



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सुनील गावसकर ने शिखर धवन का बचाव करते हुए रोहित शर्मा के बार-बार होनेवाले चयन पर सवाल उठाए हैं। गावसकर ने पूछा है कि हर बार धवन को ही क्यों आराम दिया जाता है, जबकि रोहित शर्मा का भी विकल्प होता है। सुनील गावसकर ने कहा उन्होंने घरेलू सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले मयंक अग्रवाल का जिक्र किया है। मयंक ने 30 मैचों में 2141 रन बना डाले, फिर भी उन्हें इंडिया टीम में जगह नहीं मिली। मयंक जो कि ओपनर के तौर पर खेलते हैं, उनके सिलेक्ट न होने को लेकर पिछले दिनों काफी चर्चाएं हुईं। गावसकर के मुताबिक, इनमें धवन को बाहर रखकर मयंक को खिलाने की सलाह दी जा रही थी, जो उन्हें को ठीक न लगी। गावसकर लिखते हैं, मैं पूछता हूं कि धवन ही क्यों रोहित शर्मा क्यों नहीं? आखिर साउथ अफ्रीका में भी उन्होंने धवन से ज्यादा मैच खेले थे। मैं इस बात की वकालत नहीं कर रहा कि रोहित को ही बाहर होना चाहिए, लेकिन इस बात को उठा रहा हूं कि हर बार धवन को ही क्यों कुल्हाड़ी के नीचे लाया जाता है? गावसकर ने श्रीलंका में शुरू होनेवाली निदाहास ट्रोफी के लिए सिलेक्ट हुए बाकी खिलाड़ियों का भी जिक्र किया। उन्होंने इस सीरीज को मोहम्मद सिराज, ऋषभ पंत और दीपक हुड्डा जैसे युवाओं के लिए बेहतरीन मौका बताया। गावसकर के मुताबिक, इस सीरीज में सुरेश रैना और दिनेश कार्तिक को साबित करना होगा कि उन्हें टीम में लेकर कोई गलती नहीं की गई है।

## फ्लिपकार्ट को पैरेंट कंपनी से मिला 4,472 करोड़ का इन्वेस्टमेंट

बेंगलुरु,(आरएनएस)। देश की टॉप ई-कॉमर्स कंपनियों में शामिल फ्लिपकार्ट को सिंगापुर की अपनी पैरेंट कंपनी से फरवरी में 4,472 करोड़ रुपये का इनवेस्टमेंट मिला है। यह इनवेस्टमेंट फ्लिपकार्ट की होलसेल यूनिट में किया गया है। भारत में अमेरिका की एमेजॉन और चीन की अलीबाबा को टक्कर देने के लिए फ्लिपकार्ट अपनी फाइनेंशियल पोजिशन मजबूत कर रही है। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास दाखिल किए गए दस्तावेजों के अनुसार, यह इनवेस्टमेंट फरवरी में फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में किया गया। हाल के समय में यह तीसरी बार है कि जब फ्लिपकार्ट में फंड लगाया गया है। इसके अलावा फ्लिपकार्ट के रिटेल प्लेटफॉर्म, फ्लिपकार्ट इंटरनेट में 370 करोड़ रुपये लगाए गए थे। फॉरेस्टर रिसर्च के सतीश मीणा ने कहा, मेरा अनुमान है कि इन फंड का बड़ा हिस्सा ग्रॉसरी बिजनेस में इस्तेमाल होगा। बाकी के फंड का इस्तेमाल अन्य कैटेगरी में बिजनेस को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। फ्लिपकार्ट ने संभावित नुकसान को कम करने के लिए 2016 और 2017 में इनवेस्टमेंट घटाया था। लेकिन पिछले वर्ष 4 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाने के बाद इसने फिर से इनवेस्टमेंट को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है। फ्लिपकार्ट ने जापान के सॉफ्टबैंक और चीन की टेनसेंट को इनवेस्टर के तौर पर अपने साथ जोड़ा है। यह अमेरिका की बड़ी रिटेल कंपनी वॉलमार्ट से भी फंड हासिल करने के लिए बातचीत कर रही है। देश में फ्लिपकार्ट की मुख्य प्रतिद्वंद्वी एमेजॉन भी पिछले तीन क्वॉर्टर्स से इनवेस्टमेंट बढ़ा रही है। एमेजॉन की फ्लैगशिप यूनिट एमेजॉन सेलर सर्विसेज को फाइनेंशियल ईयर 2018 में अभी तक 8,150 करोड़ रुपये (लगभग 1.3 अरब डॉलर) का फंड अपनी अमेरिकी पेरेंट कंपनी से मिला है। एमेजॉन की भारत में यूनिट को प्रत्येक महीने 12 करोड़ डॉलर का नुकसान हो रहा है। इसमें से 7.5 करोड़ डॉलर ई-कॉमर्स में और 4.5 करोड़ डॉलर का नुकसान इसकी सब्सक्रिप्शन सर्विस प्राइम में हो रहा है। एमेजॉन का 2016 में मंथली कैश बर्न रेट 8-10 करोड़ डॉलर का था। फ्लिपकार्ट का कैश बर्न रेट 2016 और 2017 के अधिकांश समय में एमेजॉव से लगभग आधा था। फ्लिपकार्ट ग्रुप में इनवेस्टमेंट बढ़ने से इसके ऑनलाइन रिटेल बिजनेस में अधिक फंड लगाने के इरादे का संकेत मिल रहा है।

## जियो ने ग्राहकों को दिया 10 जीबी डेटा फ्री, नहीं मिला तो 1299 पर दें मिस्ड कॉल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रिलायंस जियो को 2018 का प्रतिष्ठित ग्लोबल मोबाइल अवॉर्ड्स मिला है। बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में मिले अवॉर्ड्स की खुशी कंपनी ने अपने ग्राहकों के साथ साझा करते हुए उन्हें 10 जीबी फ्री डेटा देने का ऐलान किया है। फ्री डेटा से आप जीयो टीवी एप इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि यह उपहार सिर्फ प्राइम मेंबर्स के लिए है। जियो ने मेसेज और ऐप नोटिफिकेशन के जरिए ग्राहकों को यह जानकारी दी है। मेसेज में लिखा है, जियो टीवी ने मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में बेस्ट मोबाइल विडियो कॉन्टेंट का प्रतिष्ठित ग्लोबल मोबाइल अवॉर्ड्स 2018 जीता है। हमें वैश्विक मंच पर इतनी ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए आपका धन्यवाद। आपके उत्साहवर्धन के लिए हमने आपके अकाउंट में 10 जीबी का कंप्लीमेंट्री डेटा ऐड किया है। आपको 10 जीबी डेटा का गिफ्ट मिला या नहीं, यह आप रिलायंस जियो ऐप के माई प्लान में जाकर चेक कर सकते हैं। चूंकि यह डेटा ऐड ऑन पैक पूरी तरह ऑटोमैटेड है, इसलिए कुछ यूजर्स को तो अपने आप डेटा मिल गया है, लेकिन जिन्हें नहीं मिला है वे टोल फ्री नंबर 1299 पर मिस्ड कॉल करके प्राप्त कर सकते हैं। 10 जीबी डेटा सीमित समय के लिए वैलिड है। जीयो टीवी एप में 583 चैनल्स हैं, जिनमें 39 एचडी भी हैं। विभिन्न भारतीय भाषाओं में कॉन्टेंट यह ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

## सेंसेक्स 300 अंक गिरकर 34,000 से नीचे बंद, निफ्टी भी लुढ़का

मुंबई, (आरएनएस)। शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गई। सेंसेक्स 300 अंक गिरकर 34,000 अंकों के नीचे बंद हुआ। निफ्टी 99.50 पॉइंट्स गिरकर 10,358.85 पर बंद हुआ। धातु, ऑटो, तेल-गैस, बैंकिंग और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट के चलते शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स 34,000 के नीचे आ गया जबकि निफ्टी 90 अंक से ज्यादा गिरा। ब्रोकरों ने कहा कि ट्रंप की ओर से इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क लाने की घोषणा के बाद एशियाई बाजारों में भी नकरात्मक रुख रहा। पिछले तीन कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 400 से अधिक अंक गिरा। धातु, आटो, तेल एवं गैस, बैंकिंग और पीएसयू क्षेत्र सहित अन्य अलग-अलग क्षेत्रों के सूचकांक में गिरावट रही। इस दौरान यस बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, कोल इंडिया, भारती एयरटेल, ओएनजीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज आटो, डॉ रेड्डीज, एचडीएफसी, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एसबीआई के शेयर 2.28 प्रतिशत तक गिरे।

## रिलायंस इन्फ्रा ने पिपापाव डिफेंस के प्रमोटरों को भेजा 5,440.38 करोड़ का नोटिस

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने अपनी सहयोगी कंपनी के साथ मिलकर पिपापाव डिफेंस ऐंड इंजिनियरिंग के संस्थापक प्रवर्तकों (फाउंडर प्रमोटर्स) के खिलाफ 5,440.38 करोड़ रुपये का आर्बिट्रेशन नोटिस भेजा है। यह नोटिस खरीदारी समझौते के तहत वारंटीज के उल्लंघन के आरोप में भेजा गया है। 4 मार्च 2015 को रिलायंस इन्फ्रा, इसकी सहोयगी कंपनी रिलायंस डिफेंस सिस्टम्स और पिपापाव डिफेंस ऐंड इंजिनियरिंग के संस्थापक प्रवर्तकों के बीच पीपापाव डिफेंस ऐंड इंजिनियरिंग के शेयरों के अधिग्रहण को लेकर समझौता हुआ था जिसे अब रिलायंस नेवल ऐंड इंजिनियरिंग लि. नाम दिया गया है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने एक रेग्युलेटरी फाइलिंग में कहा, कंपनी ने अपनी सहयोगी आरडीएसपीएल के साथ मिलकर निखिल गांधी, भावेश गांधी और उनकी कंपनियों स्किल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि., ग्रेवेक इन्वेस्टमेंट्स और फाइनैंस प्राइवेट लि. और स्किल शिपयार्ड होल्डिंग्स प्राइवेट लि. जो पिपापाव डिफेंस ऐंड इंजिनियरिंग लि. के फाउंडर प्रमोटर्स हैं, के खिलाफ आर्बिट्रेशन नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में 4 मार्च 2015 को हुए पर्चेज अग्रीमेंट के तहत वॉरंटीज के उल्लंघन का दावा ठोका गया है। इसमें कहा गया है, यह दावा 5,440.38 करोड़ रुपये का है। मार्च 2015 में अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने 2,082.3 करोड़ रुपये में पिपापाव डिफेंस ऐंड ऑफसोर इंजिनियरिंग के कंट्रोलिंग स्टेक खरीदने का ऐलान किया था।

## आधार से जुड़ा है फोन नंबर तो यूजर्स को जानकारी दें

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई) ने सभी दूरसंचार कंपनियों से अपने ग्राहकों को ऐसी सुविधा देने को कहा है कि जिससे वे जान सकें कि उनके आधार से उनके कौन-कौन से नंबर जुड़े हुए हैं। प्राधिकरण का मानना है कि इस पहल से सिम के गलत इस्तेमाल इस्तेमाल की संभावनाएं दूर की जा सकेगी। प्राधिकरण के सामने इस तरह की घटनाएं आई हैं कि कुछ खुदरा विक्रेता, ऑपरेटर और दूरसंचार कंपनियों के एजेंट नए सिम जारी करने, नंबरों का दोबारा वेरिफिकेशन करने के लिए आधार का दुरुपयोग कर रहे हैं और वे इसके माध्यम से दूसरे व्यक्त को सिम जारी कर रहे है या दूसरे का वेरिफिकेशन कर रहे हैं। प्राधिकरण ने दूरसंचार कंपनियों को आगाह किया है कि वे सुनिश्चित करें कि उनके खुदरा विक्रेता या एजेंट किसी तरह की गड़बड़ी ना करें। दूरसंचार कंपनियों से कहा गया है कि वे यह नई सुविधा 15 मार्च तक शुरू कर दें। इस सुविधा के तहत उपयोक्ता एसएमएस के जरिए यह जान सकेंगे कि उनका मोबाइल नंबर आधार से लिंक है या नहीं। इसी तरह वे यह भी जान सकेंगे कि उनके आधार नंबर पर कितने मोबाइल नंबर जारी हैं या वेरिफाइड हैं।